तापमान
अधिकतम 31 डिग्री
न्यूनतम 19 डिग्री

हरिभूमि
# कोरिया भूमि

बिलासपुर, रविवार 1 मार्च 2026

[ बैकुंठपुर | मनेन्द्रगढ़ | चिरमिरी | खड़गवां | भरतपुर-सोनहत | जनकपुर ]

4 वीबीजीरामजी योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा




## खबर संक्षेप

### कुएं में मिला ग्रामीण का शव

**बैकुण्ठपुर।** घर से निकला ग्रामीण वापस नहीं लौटा और बाद में ग्रामीण का शव गांव के एक कुएं में मिलने के बाद गांव में सनसनी फैल गई। मामले की सूचना पुलिस को दी गई, जिसके बाद पुलिस पंचनामा कार्रवाई उपरांत शव को अपने कब्जे में लेकर पीएम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार पटना थानांतर्गत ग्राम सांवारावां निवासी संतोष केवट उम्र लगभग 37 वर्ष बीते 25 फरवरी को घर से निकला था, लेकिन वापस घर नहीं लौटा। तब परिजन द्वारा खोजबीन करने के बाद भी ग्रामीण का पता नहीं चला,तब 26 फरवरी को पुलिस में गुमशुदगी दर्ज कराई। इसी बीच पुलिस को ग्रामीणों ने गांव के एक कुएं में शव मिलने की सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बाहर निकला तो गुम हुए ग्रामीण का शव के रूप में पहचान हुई। पुलिस पूछताछ में यह बात सामने आई कि ग्रामीण जिस दिन अपने घर से निकला था उसी रात गांव के एक व्यक्ति के घर शराब सेवन कर वहीं सो गया था और उसके बाद से वह लापता था। पुलिस मामले की गंभीरत को देखते हुए विभिन्न पहलुओं पर जांच शुरू कर दी।

### चयन परीक्षा के लिए प्रवेश जारी

**मनेन्द्रगढ़।** छग राज्य में संचालित एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2026-27 के लिए कक्षा 6 वीं में प्रवेश के लिए चयन परीक्षा का आयोजन 1 मार्च रविवार को किया जाएगा। परीक्षा प्रातः 10 से दोपहर 12 बजे तक आयोजित होगी। जिला एमसीबी में परीक्षा के सफल एवं सुचारु संचालन तथा परीक्षार्थियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए चार परीक्षा केन्द्र निर्धारित किए गए हैं। इनमें शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय मनेन्द्रगढ़, विकासखंड खड़गवां में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय पोंडीडीह, विकासखंड भरतपुर में एकलव्य आदर्श आवासीय विद्यालय जमथान तथा शासकीय नवीन कन्या महाविद्यालय जनकपुर शामिल हैं।

**व्यापारिक गतिविधियां भी बढ़ेंगी** | **भाजपा के युवा नेताओं ने कुमार चौक में फोड़े पटाखे, फिर जगी आस**

# बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण की मांग बजट में शामिल

**बैकुण्ठपुर।** शहर से गुजरने वाले मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण की हलचल फिर शुरू हो गई है, इसके लिए करोड़ों की राशि स्वीकृति के लिए प्रस्तावित की गई है, इसके बजट में स्वीकृति होने के बाद टेंडर प्रक्रिया पूरी कर समय-सीमा में मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण कार्य पूरा कर लिया जाएगा।

हालांकि इसके पूर्व कई बार शहर के मुख्य सड़क के चौड़ीकरण को लेकर कवायद शुरू हुई थी और बाद में सब कुछ ठंडे बस्ते में चला गया था। बीते साल के आखिरी माह में ही मुख्य



बैकुंठपुर का मुख्य मार्ग जहां होना है चौड़ीकरण

सड़क की चौड़ीकरण की चर्चा होने लगी थी, लेकिन दिसंबर बीता और अब फरवरी माह में फिर से शहर के मुख्य सड़क के चौड़ीकरण की चर्चा शुरू हो गई है। इस बार शहर शेष पेज 4 पर

### 80 करोड़ की राशि प्रस्तावितः भईयालाल

शहर के मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर विधायक भईयालाल राजवाडे ने कहा कि इस बार शहर के मध्य के सड़क का चौड़ीकरण का कार्य पूरा कर लिया जाएगा, इसके लिए बजट में स्वीकृति के लिए 80 करोड़ रूपए का प्रस्ताव तैयार किया गया है। बजट में स्वीकृति मिल गई है, अन्य प्रक्रिया पूरी होने के बाद कार्य चालू हो जाएगा।

### चौड़ीकरण से बढ़ेगी सुंदरता व सुगमता

शहर के मुख्य मार्ग का चौड़ीकरण हो जाने से जहां आवागमन में लोगों को आसानी होगी, जाम की स्थिति से निजात मिलेगी। वहीं सड़क चौड़ीकरण होने के बाद वन वे मार्ग से जाम की ज्यादा संभावना नहीं होगी और बीच में डिवाईडर एवं आधुनिक एलईडी लाईट लगेंगे। चौक-चौराहों का सौंदर्यीकरण होने से शहर की सुंदरता बढ़ जाएगी।

### भाजपा के युवा नेताओं ने की जमकर आतिशबाजी



जिले के लिए एक महत्वपूर्ण उपलब्धि के रूप में बहुप्रतीक्षित सड़क चौड़ीकरण कार्य को प्रदेश सरकार द्वारा स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। लंबे समय से शहरवासियों, युवा संगठनों एवं सामाजिक संस्थाओं द्वारा इस मांग को उठाया जा रहा था। मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में प्रदेश सरकार द्वारा इस प्रस्ताव को मंजूरी दिए जाने पर जिले में हर्ष का माहौल है। 28 फरवरी की देर शाम भाजपा के युवाओं नेताओं ने कुमार चौक में आतिशबाजी कर अपनी खुशी जताई। भाजपा जिलाध्यक्ष कोरिया देवेन्द्र तिवारी ने इसे जनभावनाओं का सम्मान बताते हुए मुख्यमंत्री एवं प्रदेश नेतृत्व का आभार व्यक्त किया। साथ ही वित्त मंत्री ओपी चौधरी, प्रभारी मंत्री रामविचार नेताम तथा विधायक भईयालाल राजवाड़े के प्रयासों को भी सराहा गया। जनप्रतिनिधियों ने कहा कि सड़क चौड़ीकरण से यातायात सुगम होगा, दुर्घटनाओं में कमी आएगी तथा व्यापारिक गतिविधियों को बढ़ावा मिलेगा। यह निर्णय जिले के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम माना जा रहा है।

**बैकुंठपुर व सोनहत के किसान हुए शामिल**

# किसानों के खाते में 88 करोड़ रुपए अंतरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बैकुंठपुर

जिले के 20 हजार 442 अन्नदाताओं के खाते में कृषक उन्नति योजना के तहत कुल 88 करोड़ 31 लाख 44 हजार 199.60 रूपए की आदान सहायता डीबीटी के माध्यम से सीधे अंतरित की गई। प्रति क्विंटल 731 रूपए की दर से दी गई यह राशि होली पर्व से पूर्व किसानों को मिलने से उनके चेहरों पर खुशी साफ नजर आई।

कृषि विज्ञान केन्द्र बैकुंठपुर व सोनहत में आयोजित कार्यक्रम में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, एडीएम सुरेन्द्र वैद्य, अपर कलेक्टर डीडी मंडावी, कृषि स्थायी समिति की सभापति श्रीमती स्नेहलता उदय, जिला पंचायत






सदस्य श्रीमती गीता राजवाड़े, राजेश साहू, श्रीमती सौभाग्यवती खुसरो, नगर पंचायत अध्यक्ष श्रीमती गायत्री सिंह सहित काफी संख्या में जनप्रतिनिधि, किसान एवं अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे। जिले में आयोजित कार्यक्रमों के तहत बैकुंठपुर स्थित कृषि विज्ञान केन्द्र तथा सोनहत कृषि कार्यालय में काफी संख्या में किसान, जनप्रतिनिधि एवं अधिकारी उपस्थित रहे। खरीफ विपणन वर्ष 2025-26 में जिले के 21 उपार्जन केन्द्रों में समर्थन मूल्य पर धान खरीदी सफलतापूर्वक संपन्न हुई। कुल 23 हजार 438 किसान पंजीकृत हुए थे, जिनमें से 20 हजार 442 किसानों से 12 लाख 8 हजार 131.60 क्विंटल धान की खरीदी की गई। इसके एवज में किसानों को 286 करोड़ 20 लाख 63 हजार 760.40 रूपए की समर्थन मूल्य राशि डीबीटी के माध्यम से पूर्व में ही अंतरित की जा चुकी है। मुख्यमंत्री विष्णु देव साय ने अपने वादे के अनुरूप प्रति एकड़ 21 क्विंटल और 3100 रूपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदी सुनिश्चित की है। पूर्व घोषणा के अनुसार होली पर्व से पहले किसानों को कृषक उन्नति योजना के तहत एकमुश्त आदान सहायता प्रदान शेष पेज 4 पर

# घुटरीटोला चेकपोस्ट के पास सड़क हादसा

- बाइक सवार युवक की मौके पर मौत

**मनेन्द्रगढ़।** एमसीबी जिले के खोंगापानी क्षेत्र अंतर्गत घुटरीटोला चेकपोस्ट के समीप शुक्रवार देर शाम एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना हो गई। कंटेनर वाहन और बाइक की आमने-सामने की टक्कर में बाइक सवार युवक की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक की पहचान दुर्गेश केवट, पिता राम खेलावन उम्र 27 वर्ष निवासी वार्ड क्रमांक 15 मनेन्द्रगढ़ के रूप में हुई है।

जानकारी के अनुसार दुर्गेश बिजुरी की ओर से मनेन्द्रगढ़ आ रहा था, तभी मनेन्द्रगढ़ से बिजुरी की ओर जा रहे तेज रफ्तार कंटेनर वाहन से उसकी बाइक की जोरदार भिड़ंत हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि



युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। हादसे की सूचना मिलते ही खोंगापानी चौकी प्रभारी राकेश शर्मा पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने मौके की जांच कर शव को कब्जे में लिया और पंचनामा कार्रवाई पूरी की। इसके पश्चात शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। पुलिस ने मामले में मर्ग कायम कर आगे की जांच शुरू कर दी है। शनिवार को मृतक का अंतिम संस्कार आमाखेरवा मुक्तिधाम में किया गया।



## खबर संक्षेप

### केबी पटेल कॉलेज में योग शिविर का आयोजन



**मनेन्द्रगढ़।** केबी पटेल महाविद्यालय में बीएड पाठ्यचर्या के अंतर्गत चतुर्थ सेमेस्टर के प्रायोगिक पाठ्यक्रम के लिए 26 से 28 फरवरी तक योग शिविर का आयोजन किया गया। इस योग शिविर में योग शिक्षक एसके पोखरियाल के नेतृत्व में तीन दिनों तक योगाभ्यास कराया गया। पाठ्यक्रम के साथ-साथ योग का उद्देश्य विद्यार्थियों के शारीरिक संतुलन एवं मानसिक एकाग्रता के लिए योग विज्ञान बहुत ही महत्वपूर्ण है। योग शिक्षक बीएड महाविद्यालय के छात्र एवं छात्रा अध्यापकों को संबोधित करते हुए कहा कि आप सभी भविष्य के शिक्षक हैं और शिक्षक का कर्तव्य विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक संतुलन के लिए योग का प्रचार-प्रसार बहुत ही आवश्यक है। जब विद्यार्थियों का शरीर स्वस्थ एवं चित्त स्थाई होगा तो विद्यार्थी अच्छी शिक्षा को आत्मसात कर पाएंगे। शिविर के अंतिम दिवस पर विगत 17 वर्षों से पतंजलि योग शिक्षक रह चुके सतीश उपाध्याय जो आध्यात्मिक गौरव राष्टीय सम्मान के द्वारा 2023 में पुरस्कृत हो चुके उपस्थित रहे, उनके द्वारा बताया गया कि स्वस्थ शरीर में स्वस्थ मन का निर्माण ही शिक्षा है और स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के लिए योग बहुत महत्वपूर्ण है और सभी को योग से जोड़ने का आह्वान किया। बीएड प्राचार्य श्रीमती मंजूलता कश्यप के द्वारा आभार व्यक्त किया गया। साथ ही स्वस्थ शरीर और स्वस्थ मन के निर्माण के लिए सभी को योग करने के लिए प्रेरित किया। त्रि-दिवसीय शिविर में केबी पटेल महाविद्यालय के डायरेक्टर श्री बारिक, महाविद्यालय के प्राचार्य श्रीमती मंजूलता कश्यप, आईक्यूएसी प्रभारी कविता तिर्की, सहायक प्राध्यापक श्रीमती जूनू सहगल, दिनेश कुमार चंद्रा, सलीमा किंडो, श्रीमती भाग्यश्वरी साहू, एनएसएस अधिकारी कपिल देव कुर्रे एवं पतंजलि योग से जुड़े सेवानिवृत्त रेलवे स्टेशन के मुख्य प्रबंधक सुरेश माहौर एवं बीएड महाविद्यालय के समस्त छात्र एवं छात्रा अध्यापक उपस्थित रहे।

### 4 को जिले में शुष्क दिवस घोषित

**बैकुण्ठपुर।** आबकारी आयुक्त छग के 24 फरवरी के निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर श्रीमती चंदन त्रिपाठी एवं जिला दंडाधिकारी कोरिया द्वारा छग आबकारी अधिनियम 1915 की धारा 24 की उपधारा (1) के अंतर्गत प्रदत्त शक्तियों का प्रयोग करते हुए आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार 4 मार्च बुधवार को होली पर्व के अवसर पर जिले में शुष्क दिवस घोषित किया गया है। उक्त दिवस पर जिला कोरिया की समस्त देशी, विदेशी एवं कंपोजिट मदिरा की फुटकर दुकानें, एफएल 3 (ग) पर्यटन बार, एफएल 4 (क) व्यवसायिक क्लब तथा अहाते पूर्णतः बंद रहेंगे। यह आदेश वर्ष 2025-26 की आबकारी नीति अंतर्गत व्यवस्थापन एवं अन्य बिंदुओं की कंडिका 22 की उपकंडिका 22.1 के तहत जारी किया गया है। आदेश का कड़ाई से पालन सुनिश्चित करने के लिए संबंधित सभी अनुज्ञाधारियों एवं विभागीय अधिकारियों को निर्देशित किया गया है।

### एमसीबी कांग्रेस की कार्यकारिणी घोषित

**मनेन्द्रगढ़।** छत्तीसगढ़ प्रदेश कांग्रेस कमेटी द्वारा जिला/शहर कांग्रेस कमेटी एमसीबी की अनुमोदित कार्यकारिणी की घोषणा कर दी गई है। जारी सूची के अनुसार अशोक श्रीवास्तव को जिला कांग्रेस कमेटी एमसीबी का अध्यक्ष नियुक्त किया गया है। कार्यकारिणी में संगठन को मजबूती देने के उद्देश्य से विभिन्न पदों पर नियुक्तियां की गई हैं। ओम प्रकाश गुप्ता को कोषाध्यक्ष बनाया गया है। वहीं राजेश साहू, कृष्ण मुरारी तिवारी, के. डी. रेड्डी, रवि प्रताप सिंह, सुभाष समृद्ध और मोहम्मद इमाम को उपाध्यक्ष पद की जिम्मेदारी सौंपी गई है। महामंत्री पद पर रामप्रकाश मणिकपुरी, सत्यप्रताप सिंह, अवधेश सिंह, जगदीश मधुकर, श्रीमती पूनम सिंह, राकेश श्रीवास्तव, नसीम अंसार और राजेश शर्मा सहित अन्य नेताओं को स्थान दिया गया है।

## निधन

### शिवशंकर मिश्रा



**मनेन्द्रगढ़।** नगर क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 2 निवासी एवं हरिओम पशु आहार के संचालक शिव शंकर मिश्रा का शुक्रवार को निधन हो गया। स्व. मिश्रा 72 वर्ष के थे। इनके निधन की सूचना मिलते ही नगर एवं व्यवसायिक जगत में शोक की लहर फैल गई। 28 फरवरी को उनकी अंतिम यात्रा लोको कॉलोनी, मदन प्रसाद गार्ड के नजदीक स्थित निवास से निकाली गई, जिसमें बड़ी संख्या में परिजन, शुभचिंतक एवं नगरवासी शामिल हुए।

### पंचायत पदाधिकारियों के साथ सीईओ ने की नए अधिनियम की चर्चा

# वीबीजीरामजी योजना से ग्रामीण विकास को मिलेगी नई दिशा

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर



**बीवी जी राम जी योजना पर संवाद**

सामान्य सभा की बैठक में जिला पंचायत सीईओ डॉ.आशुतोष चतुर्वेदी ने सभी पंचायत राज पदाधिकारियों की उपस्थिति में वीबीजीरामजी योजना के बारे में जानकारी प्रदान की। साप्ताहिक आईईसी गतिविधि के पांचवे सप्ताह में पंचायत राज पदाधिकारियों से नए अधिनियम पर चर्चा करते हुए जानकारी प्रदान की। उन्होंने बताया कि नई योजना में ग्रामीण श्रमिकों को अब 125 दिवस का रोजगार सुनिश्चित होगा। तकनीकी के साथ नए कार्य होने से आने वाले समय में ग्रामीण विकास को नई दिशा मिलेगी। काम न मिलने की दशा में श्रमिकों को बेरोजगारी भत्ते का प्रावधान तथा अन्य प्रावधानों के बारे में विस्तार से जानकारी दी गई। जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना एवं सभी सदस्यों की उपस्थिति में मझगांव निवासी समयलाल और जगदीशपुर निवासी मंगलसाय को समाज कल्याण विभाग द्वारा ट्रायसाइकिल प्रदान की गई। इस दौरान जनपद पंचायत सोनहत अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी, बैकुंठपुर अध्यक्ष उदय सिंह भी उपस्थित रहे।

जिला पंचायत के मंथन कक्ष में सामान्य सभा की बैठक संपन्न हुई। बैठक में जिला पंचायत अध्यक्ष मोहित पैकरा, उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाड़े सहित सभी जिला पंचायत सदस्य शामिल हुए। बैठक के आरंभ में गत सामान्य सभा की बैठक में रखे गए विषयों पर विभाग प्रमुखों द्वारा कृत कार्रवाई से अवगत कराया गया।

सामान्य सभा की बैठक में सभी जनप्रतिनिधियों ने अपने क्षेत्र भ्रमण के दौरान चिन्हित विषयों को क्रमशः सदन में रखा। जिला पंचायत सीईओ डॉ. चतुर्वेदी ने संबंधित विभाग प्रमुखों को जल्द निराकरण कर जनप्रतिनिधियों को अवगत कराने के निर्देश दिए। बैठक में श्रीमती सौभाग्यवती सिंह ने सभी स्वास्थ केन्द्रों में गर्भवती महिलाओं की जांच दिवस स्वास्थ केन्द्रों में नाश्ते का प्रबंध किए जाने, सुरेश सिंह ने राष्टीय उद्यान क्षेत्र में श्रमिकों के लंबित भुगतान जल्द कराए जाने, राजेश साहू ने निजी विद्यालय संचालन के सभी मानक बिंदुओं पर ध्यान दिलाया और शिक्षा विभाग द्वारा निजी विद्यालयों की जांच किए जाने, श्रीमती शिव कुमारी ने दूरस्थ वनांचल में सौर ऊर्जा से संचालित उपकरण खराब होने पर बदले जाने की आवश्यकता दर्ज कराई गई। सदस्यों की मांग को गंभीरता से लेकर जिला पंचायत सीईओ ने सभी विषयों पर जल्द कार्रवाई कर सदस्यों को अवगत कराने के निर्देश दिए।

# होली के लिए सजा रंगों का बाजार

हरिभूमि न्यूज. बैकुण्ठपुर

रंगों का पर्व होली को लेकर शहर में रंगों का बाजार सज गया है। जहां रंग-गुलाल के साथ विभिन्न तरह की पिचकारियां सजा दी गई। इस अवसर पर शहर में कई जगहों पर रंग-गुलाल के दुकान सजते हैं। वर्तमान में कुछ ही जगहों पर गिनती के रंग-गुलाल के दुकान सजे हुए हैं, जल्द ही और भी जगहों पर कई रंगों के दुकान सज जाएंगे। उल्लेखनीय है कि प्रतिवर्ष रंगों के पर्व होली के अवसर पर रंग गुलाल पिचकारियों की जमकर बिक्री होती है।

शहर के कुमार चौक सहित मुख्य मार्ग पर रंगों के दुकान फिलहाल लगे हैं, जहां पर अभी ज्यादा ग्राहकी नहीं है, लेकिन जैसे-जैसे होली का पर्व नजदीक आने लगेगा, वैसे-वैसे रंगों के बाजार में खरीदी के लिए ग्राहकों की भीड़ भी बढ़ने लगेगी। जहां शहर के लोगों के अलावा अंचल के लोगों द्वारा रंग अबीर, पिचकारियां खरीदी के लिए जुटेंगे। व्यापारियों से मिली जानकारी के अनुसार इस वर्ष बीते वर्ष की तुलना में रंगों के बाजार में भाव में उछाल आया है, बावजूद इसके उन्हें जमकर बिक्री की उम्मीद है। व्यापारियों ने बताया कि उनके पास तरह-तरह की पिचकारियां मौजूद है। खासकर बच्चों को लुभाने के लिए विभिन्न वैराटियों की पिचकारियां उनके पास मौजूद है, जो न्यूनतम से अधिकतर एक हजार रूपए तक की पिचकारियां उनके पास मौजूद है। व्यापारियों के अनुसार अभी ग्राहकी नहीं है, लेकिन होली और नजदीक आने के साथ ही रंगों के बाजार में खरीदी तेज होती है। ज्यादातर लोगों के द्वारा होली के एक-दो दिन पहले ही सबसे अधिक खरीदी करते हैं।

### 2 मार्च को होलिका दहन



सजी दुकान।

### हर्बल व आर्गेनिक कलर की ज्यादा मांग

रंगों के बाजार में वैसे तो कई तरह के रंग गुलाल भरे पड़े हैं, लेकिन इस दौरान ज्यादातर लोगों के द्वारा हर्बल व आर्गेनिक रंगों की ज्यादा मांग करते हैं, जो शरीर को नुकसान भी नहीं पहुंचाते हैं, इसके अलावा केमिकल युक्त रंग गुलाल शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं, इसलिए ज्यादातर लोगों की पसंद हर्बल रंग गुलाल होते हैं।

### बच्चों को लुभा रही पिचकारियां

रंगों के बाजार में तरह-तरह के पिचकारियां मौजूद हैं जो बच्चों को अपनी ओर आकर्षित कर रहे हैं। इस वर्ष भी विभिन्न तरह के पिचकारियां बाजार में मौजूद हैं। परंपरागत पिचकारियों के अलावा नए तरह के पिचकारियां दुकानों में मौजूद हैं, जिनकी ओर बच्चे ज्यादा आकर्षित हो रहे हैं। एक व्यापारी ने बताया कि उनके पास 1000 रूपए तक की पिचकारी मौजूद हैं, इसके अलावा अनेक तरह के मुखौटे भी रंगों के बाजार में उपलब्ध हैं।

## विज्ञान प्रयोगों से गूंजा दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल

**मनेन्द्रगढ़।** दिल्ली वर्ल्ड पब्लिक स्कूल मनेन्द्रगढ़ में राष्टीय विज्ञान दिवस के अवसर पर विज्ञान से संबंधित विभिन्न रोचक प्रयोगों का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में कक्षा 3 के विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और प्रयोगों के माध्यम से विज्ञान को समझने का प्रयास किया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों को विज्ञान के महत्व से अवगत कराया गया तथा महान वैज्ञानिक सीवी रमन के योगदान के बारे में जानकारी दी गई। बच्चों को बताया गया कि राष्टीय विज्ञान दिवस प्रतिवर्ष 28 फरवरी को मनाया जाता है, जो भारतीय विज्ञान के लिए गर्व का दिन है। इस अवसर पर घुलनशील (सोलुबल) एवं अघुलनशील (इंसोलुबल) पदार्थों पर विशेष प्रयोगात्मक गतिविधि कराई गई। विद्यार्थियों ने पानी में नमक, चीनी और मिट्टी डालकर अवलोकन किया कि कौन-सी वस्तुएं पानी में घुलती हैं और कौन-सी नहीं। प्रयोग के माध्यम से



बच्चों ने सरल और रोचक तरीके से वैज्ञानिक सिद्धांतों को समझा। विद्यालय निदेशिका श्रीमती पूनम सिंह ने इस प्रकार की गतिविधियों को बच्चों में वैज्ञानिक सोच, जिज्ञासा और रचनात्मकता विकसित करने की दिशा में महत्वपूर्ण बताया। पीजीटी बायोलॉजी मिस रोशन खान ने विज्ञान के महत्व पर प्रकाश डालते हुए बताया कि विज्ञान हमारे दैनिक जीवन का अभिन्न अंग है और यह हमें तर्कसंगत एवं वैज्ञानिक सोच विकसित करने में सहायता करता है। विद्यार्थियों को बताया गया कि राष्टीय विज्ञान दिवस महान वैज्ञानिक सीवी रमन की खोज की स्मृति में 28 फरवरी को मनाया जाता है।

## जल संरक्षण के लिए 1 मार्च से विशेष अभियान



बैकुण्ठपुर। कलेक्टर चंदन संजय त्रिपाठी एवं जिला पंचायत के मुख्य कार्यपालन अधिकारी डॉक्टर आशुतोष चतुर्वेदी के द्वारा 21 फरवरी को जल संरक्षण के लिए अंतर विभागीय समीक्षा एवं गत समय-सीमा की बैठक में दिए निर्देशानुसार जिले में किसानों के प्रत्येक खसरा में 5 प्रतिशत मॉडल (सीढ़ी नुमा गड्ढा) बनाया जाना है, जिसके बैकुंठपुर में सफल क्रियान्वयन के लिए अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी ने जनपद पंचायत की सभा कक्ष में बैठक आयोजित कर सरपंच, सचिव एवं रोजगार सहायक को 1 मार्च से किसानों के प्रत्येक खसरा में 5 प्रतिशत मॉडल (सीढ़ी नुमा गड्ढा) बनाने के लिए अभियान चलाने के निर्देश दिए गए तथा 5 प्रतिशत मॉडल तैयार करने के लिए सभी राजस्व निरीक्षक निरीक्षकों को नोडल अधिकारी ग्राम पंचायत, ग्रामीण कृषि विस्तार अधिकारियों को सहायक नोडल अधिकारी एवं पटवारियों को क्रियान्वयन दल प्रभारी बनाते हुए क्रियान्वयन दल का गठन किया गया है। इसमें सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक कोटवार आदि को शामिल करते हुए दिशा-निर्देश सहित आदेश प्रसारित किया गया है।

## बाल विवाह मुक्त भारत अभियान को मिली नई गति

बैकुंठपुर। महिला एवं बाल विकास कोरिया के साथ मिलकर जस्ट राईट फार चिल्ड्रेन अलाइंस के सहयोग से बाल विवाह मुक्त भारत अभियान कार्यक्रम 100 दिवसीय अभियान चलाया जा रहा है, जिसका प्रारंभ विधान सभा क्षेत्र कोरबा के सांसद श्रीमती ज्योत्सना महंत द्वारा 21 फरवरी को किया गया था। उक्त तारतम्य में 27 फरवरी को कोरिया जिले में अपर कलेक्टर दिनदयाल मंडावी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष श्रीमती वंदना राजवाडे, जिला सदस्य श्रीमती गीता राजवाडे एवं सोनहत जनपद अध्यक्ष श्रीमती आशा देवी, नगरीय निकाय विधायक प्रतिनिधि अंशु देवांगन ,महिला एवं बाल विकास अधिकारी नवल सिंह रावटे व जिला बाल संरक्षण अधिकारी आशीष गुप्ता द्वारा बाल विवाह मुक्ति रथ को हरीझंडी दिखाकर रवाना किया गया। और कोरिया जिले के बैकुंठपुर और सोनहत विकासखंड के अलगअ-लग क्षेत्रों में बाल विवाह मुक्ति रथ को निरंतरता देते हुए जिला थाना प्रभारी पटना प्रमोद पाण्डेय,थाना प्रभारी सोनहत विनोद पासवान एवं ग्राम पंचायत सरपंच एवं सचिव, चाइल्ड हेल्प लाईन जिला समन्वय द्वारा स्वागत किया गया।

# बैकुंठपुर में तेंदूपत्ता शाखकर्तन कार्यशाला

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वनमंडल अंतर्गत जिला लघु वनोपज सहकारी यूनियन मर्यादित कोरिया बैकुंठपुर द्वारा तेंदूपत्ता संग्रहण कार्य के पूर्व शाखकर्तन (बूटा कटाई) कराने के लिए कार्यशाला का आयोजन बैकुंठपुर गेज रोपणी परिसर में किया गया। कार्यशाला में वनमंडल की 17 प्राथमिक वनोपज सहकारी समितियों के फड़मुंशी, प्रबंधक, पोषक अधिकारी, फड़ अभिरक्षक सहित वन अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।



कार्यक्रम का शुभारंभ जिला यूनियन के अध्यक्ष प्रसिद्ध नारायण सिंह ने मां सरस्वती की प्रतिमा पर दीप प्रज्जवलित कर किया। परिक्षेत्राधिकारी सोनहत अजीत सिंह ने बताया कि वर्ष 2026 के तेंदूपत्ता सीजन में वनमंडल की सभी लॉट अग्रिम निर्वतन में विक्रय हो चुकी हैं। शासन के निर्देशानुसार शाखकर्तन कार्य मार्च के प्रथम एवं द्वितीय सप्ताह में अनिवार्य रूप से पूर्ण कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि शाखकर्तन कार्य के लिए 70 रूपए प्रति मानक बोरा की दर निर्धारित की गई है, जिसका भुगतान समिति के पोषक अधिकारी एवं प्रबंधक द्वारा संयुक्त रूप से कार्य पूर्ण होते ही किया जाएगा। परिक्षेत्राधिकारी देवगढ़ शैलेश गुप्ता ने बूटा कटाई की तकनीकी जानकारी देते हुए फड़ों के चयन, तोड़ाई, गड्डी बंधाई, संग्रहण केन्द्र पर खरीदी तथा अग्रिम क्रेता नियुक्ति की प्रक्रिया की विस्तार से जानकारी दी। प्राथमिक वनोपज सहकारी समिति पटना के प्रबंधक रमेश पटेल ने भी शाखकर्तन से लेकर क्रेता को परिदान तक की प्रक्रिया पर प्रकाश डाला। वनमंडलाधिकारी कोरिया चंद्रशेखर शंकर सिंह परदेसी (भा.व.से.) ने कहा कि छग में तेंदूपत्ता को हरा सोना कहा जाता है। बेहतर गुणवत्ता के कारण ही वनमंडल का तेंदूपत्ता अच्छे दामों में विक्रय होता है, जिससे संग्राहकों को अधिक आय मिलती है। उन्होंने निर्देश दिए कि साप्ताहिक खरीदी का भुगतान तीसरे दिन अनिवार्य रूप से किया जाए। कार्यक्रम में उपप्रबंध संचालक अखिलेश मिश्रा, तकनीकी अधिकारी सीपी पटेल सहित वन विभाग के अधिकारी-कर्मचारी, समिति पदाधिकारी, जनप्रतिनिधि एवं स्वसहायता समूह के सदस्य उपस्थित रहे।

### जिला पंचायत की सामान्य सभा

**मनेन्द्रगढ़।** ग्राम पंचायत लाई अमृतधारा स्थित डीपीआरसी भवन में आयोजित जिला पंचायत की सामान्य सभा में जीरामजी (विकसित भारत रोजगार एवं आर्थिक गारंटी मिशन ग्रामीण 2025) को लेकर व्यापक चर्चा, समीक्षा और विभागवार प्रगति का आकलन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला पंचायत अध्यक्ष श्रीमती यशवंती सिंह ने की तथा जिला पंचायत उपाध्यक्ष राजेश साहू और उप संचालक पंचायत गुरूचरण सिंह नेताम की विशेष उपस्थिति रही। सभा में जनपद प्रतिनिधि, जिला पंचायत सदस्य और विभिन्न विभागों के अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में सहायक परियोजना अधिकारी मो. आरिफ ने विकसित भारत जीरामजी अधिनियम 2025 की विस्तार से जानकारी देते हुए बताया कि यह प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में ग्रामीण भारत को आत्मनिर्भर, सशक्त और समृद्ध बनाने की दिशा में एक ऐतिहासिक पहल है। यह सशक्तिकरण, विकास, कन्वर्जेंस और सैचुरेशन के सिद्धांतों पर आधारित है तथा महात्मा गांधी राष्टीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम (मनरेगा) का उन्नत संस्करण है।

## गेज रोपणी में अग्नि बचाओ जनजागरूकता कार्यक्रम

**बैकुण्ठपुर।** कोरिया वनमंडल के गेज रोपणी बैकुंठपुर परिसर में वन अग्नि से बचाव के संबंध में जनजागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में वनमंडल के समस्त क्षेत्रीय वन अधिकारी-कर्मचारी, तेंदूपत्ता से संबंधित फड़मुंशी, पोषक अधिकारी तथा वन सुरक्षा समिति के सदस्य उपस्थित रहे। कार्यक्रम में प्रबल आधार सेवा संस्था (ब्रांच ऑफिस खुशी रेसिडेंसी, तालीबंध रायपुर) द्वारा छत्तीसगढ़ी संगीत, नृत्य एवं नाचा के माध्यम से जंगलों को



आगजनी से बचाने के लिए महत्वपूर्ण संदेश दिए गए। सांस्कृतिक प्रस्तुति के जरिए ग्रामीणों को वन संरक्षण के प्रति जागरूक किया गया।

## बच्चों ने टेलीस्कोप से देखा सूर्य, चंद्रमा और ग्रह

**चरचा कॉलरी।** जिला मुख्यालय के छात्र-छात्राओं में वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित करने, तार्किक सोच को प्रोत्साहित करने तथा खगोल विज्ञान के प्रति रुचि बढ़ाने के उद्देश्य से ब्रेक थ्रू साइंस सोसायटी कोरिया द्वारा किड्स वर्ल्ड पब्लिक स्कूल बैकुंठपुर में विशेष स्काई वाचिंग प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में विद्यालय की सभी कक्षाओं के छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने टेलीस्कोप के माध्यम से सूर्य के काले धब्बों (सनस्पॉट) का सुरक्षित अवलोकन किया। सूर्यास्त के बाद छात्रों एवं अभिभावकों ने चंद्रमा, बृहस्पति और शनि ग्रह को नजदीक से देखा। अंतरिक्ष के इन अद्भुत दृश्यों को देखकर बच्चों में खासा उत्साह देखा गया। संस्था के सदस्य एवं शिक्षक अमरनाथ सिंह ने विद्यार्थियों की जिज्ञासाओं का समाधान करते हुए बताया कि सूर्य पर दिखाई देने वाले काले धब्बों को सनस्पॉट कहा जाता है। ये सूर्य की तीव्र चुंबकीय गतिविधि के कारण बनने वाले अपेक्षाकृत ठंडे क्षेत्र



होते हैं, जिनका तापमान आसपास के भागों से कम होने के कारण वे काले दिखाई देते हैं। वहीं चंद्रमा के काले धब्बों को मारीया कहा जाता है, जो प्राचीन ज्वालामुखीय विस्फोटों से निकले लावा के ठंडा होकर मैदान बनने से बने स्थायी भू-आकृतिक संरचनाएं हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि सूर्य के धब्बे अस्थायी और गतिशील होते हैं, जबकि चंद्रमा के धब्बे स्थायी होते हैं।

**हरिभूमि**

**पाठकों के लिए माह फरवरी 2026 का बिल निम्नानुसार है**

| विवरण | दर | राशि |
|---|---|---|
| 28 दिन | 5.00 | 140.00 |
| 28 दिन, | कुल योग= | 140.00 |

कृपया पाठकगण माह फरवरी 2026 के बिल का भुगतान उपरोक्तानुसार अपने एजेण्ट बंधु को 5 मार्च 2026 तक जमा करें।

प्रसार प्रबंधक
हरिभूमि
गौरव पथ रिंग रोड नं. 2
बिलासपुर













## पृष्ठ 1 का शेष

### लंबे समय से...

के मुख्य सड़क का चौड़ीकरण अंजाम तक पहुंचने की संभावना अधिक है। लंबी प्रतीक्षा के बाद वर्ष 2026 में शहरवासियों की प्रतीक्षित मुख्य सड़क का चौड़ीकरण की मांग पूरी हो जाएगी। उल्लेखनीय है कि शहर से गुजरने वाली मुख्य मार्ग के चौड़ीकरण को लेकर पूर्व में जबरजस्त माहौल बना हुआ था और युवाओं के द्वारा भी चौड़ीकरण को लेकर कंपेन भी शुरू किया गया था, बावजूद सड़क चौड़ीकरण की कवायद पटरी पर आने से पहले ही फिर गई थी। यदि इस बार सड़क चौड़ीकरण का कार्य के लिए राशि की स्वीकृति मिल जाती है तो चौड़ीकरण की मांग इस बार पूरी हो जाएगी। सड़क चौड़ीकरण होने के बाद जहां आवागमन सुचारू तरीके से होगा, वहीं शहर से व्यापारिक गतिविधियां भी बढेंगी।

क्यों जरूरी है चौड़ीकरण- कोरिया जिला मुख्यालय बैकुंठपुर के मध्य से मुख्य सड़क गुजरी है, वह व्यस्त सड़क है। पूर्व में शहर के मध्य से होकर एनएच 43 गुजरती थी, लेकिन बाईपास बन जाने के बाद कुछ राहत मिली है। जिले का मुख्यालय होने के कारण प्रतिदिन काफी संख्या में लोगों की आवाजाही शहर में होती है। वहीं बीते कुछ वर्षो से शहर की आबादी और वाहनों की संख्या में बेतहासा बढ़ोतरी हुई है, लेकिन सड़क का चौड़ीकरण नहीं हुआ। ऐसे में वाहनों के दबाव के कारण जाम की स्थिति बनती है, इससे निजात दिलाने के लिए मुख्य सड़क का चौड़ीकरण होना बेहद जरूरी है।

### किसानों को 88...

की गई। सलबा निवासी किसान आनंद कुमार को 67 हजार 252 रूपए की आदान सहायता प्राप्त हुई, इस पर उन्होंने खुशी व्यक्त की। ग्राम रटंगा के किसान जगत सिंह ने 126 क्विंटल, बरपारा के विजय सिंह ने 250 क्विंटल, झरनापारा समिति के उपेन्द्र सिंह ने 6 क्विंटल, टेंगनी के नीलकंठ सिंह ने 238 क्विंटल तथा मझगवां के कृष्ण कुमार राजवाड़े ने 100 क्विंटल धान का विक्रय किया था। किसानों ने सहायता राशि मिलने पर मुख्यमंत्री विष्णु देव साय का आभार व्यक्त करते हुए राज्य सरकार को किसान हितैषी बताया। राज्य स्तरीय मुख्य कार्यक्रम बिलासपुर जिले के बिल्हा विकासखंड में मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की उपस्थिति में आयोजित हुआ, जिसका सीधा प्रसारण विकासखंड मुख्यालयों में किया गया।